NT>

Title: Requests the Government to release adequate water to Chambal Damini Nahar in Madhya Pradesh from Rajasthan.

श्री अशोक अर्गल (मुरैना) : उपाध्यक्ष जी, अन्तर्राज्यीय चम्बल दाहिनी नहर जो राजस्थान से मध्य प्रदेश को निकलती है, पूर्व में वहां से मध्य प्रदेश को ३९०० क्यूसेक पानी दिया जाता था लेकिन वर्तमान में राजस्थान सरकार द्वारा मात्र २३०० क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे मेरे संसदीय क्षेत्र के श्योपुर कुलों, मुरैना एवं पास में जो भिंड जिला लगता है, उसे पानी नहीं मिल रहा है। वहां के किसानों की फसल बरबाद हो रही है। राज्य सरकार इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान से पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जाए। नहीं तो पूर्व की तरह डाकू समस्या फिर से पैदा हो जाएगी और इसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की होगी।